# महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार लगातार प्रयासरत : पुष्कर धामी



वैभव न्यूज़ ■ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एडीएसईआई और सीएआईटी द्वारा डायरेक्ट सेलिंग- विमेन एंटरप्रेन्योर्स समिट 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जो भारत जैसी पृष्ठभूमि में महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ा अवसर लेकर आया है। महिलाओं को दोहरी भूमिकाएं निभानी होती हैं, और हममें यह ताकत है कि हम वह सब कर सकते हैं, जो कोई और नहीं कर सकता। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी। धामी ने कहा कि सरकार महिलाओं के उत्थान और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें और आत्मनिर्भर बनें। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग की शक्ति अपार है। भारत में इसकी क्षमता 16 लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है, लेकिन फिलहाल हम सिर्फ 25 हजार करोड़ तक ही पहुंचे हैं। अगले 10 वर्षों में हम इसे 2 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। एडीएसईआई के प्रेसिडेंट डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि यूसीसी कानून की वजह से उत्तराखंड की महिलाएं अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हम 10 हजार महिलाओं के साथ महिला दिवस मना रहे हैं, और अगले साल इसे 50 हजार महिलाओं के साथ मनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले 10 वर्षों में भारत डायरेक्ट सेलिंग के क्षेत्र में दुनिया में नंबर 1 स्थान हासिल करेगा। सीएआईटी के जनरल सेक्रेटरी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा की बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं डायरेक्ट सेलिंग से जुड़ी हैं जिन्होंने इस क्षेत्र में काम करते हुए अपने परिवार को आर्थिक सम्बल देने का सफल प्रयास किया है।